ALL RIGHTS RESERVED
सर्वाधिकार सुरक्षित

EF–EI/CC/M/2016–01

2016

GENERAL HINDI

सामान्य हिन्दी

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

अनुदेश :

- उपान्त के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- **सभी** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न भागों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

1. निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *500* शब्दों में निबंध लिखिए : 30

(क) अपने जीवन की सबसे सुखद घटना

(ख) विज्ञान के चमत्कार

(ग) देशाटन के लाभ

(घ) बेकारी की समस्या

(ङ) समाचार पत्रों की उपयोगिता

(च) जैसी करनी वैसी भरनी

2. निम्नलिखित अवतरण का **एक-तिहाई** शब्दों में सार लिखते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए : 15

छात्र को अध्ययन जारी रखना चाहिए। नहीं तो वह छात्र नहीं रहता। अधिक-से-अधिक विषयों पर अधिक-से-अधिक पुस्तकें

उसे पढ़ते रहना चाहिए। इन्हें उसे विभिन्न दृष्टिकोणों से अध्ययन का विषय बनाना चाहिए। तब उसे अनुभूति होगी कि हर प्रश्न के अनेक उत्तर हैं और सत्य बहुपक्षी है। फल यह होगा कि वह अपनी दृष्टि में संकीर्ण नहीं रहेगा, उसमें सहिष्णुता, क्षमाशीलता आ जाएगी, तब उसके अपने मौलिक चिंतन का विकास होगा और कोई अन्य उस पर हावी नहीं हो सकेगा। अध्ययन के द्वारा ही मानव के असली व्यक्तित्व का विकास होता है और वह वास्तव में मनुष्य बन पाता है।

3. निम्नलिखित सभी अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 1×10=10

(क) सामने शिकार देखकर शेर चिंघाड़ने लगा।

(ख) यह मेरा बालक है।

(ग) माता आ रहे है।

(घ) तुमको उनको बुलाया।

(ङ) लिखने में शुद्धताई बरतो।

(च) वह मेरे पास आया और कहा।

(छ) आपने सत्यपूर्ण बात कही।

(ज) आपका दुष्ट लोगों से बचो।

(झ) सबों ने उसे निकलते देखा।

(ञ) देखो शत्रु दौड़ रहा है।

4. निम्नलिखित मुहावरे-लोकोक्तियों में से किन्हीं **पाँच** का अर्थ बताते हुए उन्हें वाक्यों में प्रयुक्त कीजिए : 3×5=15

(क) अकल बड़ी या भैंस

(ख) अपने मुँह मियाँ मिट्ठू

(ग) चोर की दाढ़ी में तिनका

दृष्टि The Vision

(घ) झूठ के पाँव कहाँ

(ङ) आँख का अंधा नाम नैनसुख

(च) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

(छ) जो गरजते हैं वे बरसते नहीं

(ज) दीपक तले अँधेरा

(झ) दूध का दूध पानी का पानी

(ञ) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

5. विशेषण की परिभाषा देते हुए उसके भेदों को सोदाहरण लिखिए। 10

6. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1×5=5

(क) अंधकार (ख) अश्व (ग) कान (घ) गुरु (ङ) धन
(च) दूध (छ) पर्वत (ज) समुद्र (झ) संसार (ञ) सूर्य

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 1×5=5

(क) जिसके समान द्वितीय नहीं है

(ख) भविष्य में होने वाला

(ग) जो पहरा देता है

(घ) जो देखने योग्य हो

(ङ) जो शास्त्र जानता हो

(च) मित बोलने वाला

(छ) जिसका उदर लंबा हो

(ज) जो पुस्तकों की आलोचना या समीक्षा करता हो

(झ) जो स्मरण रखने योग्य हो

(ञ) याचना करने वाला

8. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** समस्त पदों का विग्रह करते हुए समास बताइए : 1×5=5

(क) दिनानुदिन (ख) प्रत्येक

(ग) गगनचुंबी (घ) स्वर्गप्राप्त

(ङ) पुरुषोत्तम (च) परमेश्वर

(छ) हिमालय (ज) कामचोर

(झ) राजपुत्र (ञ) देवालय

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** उपसर्गों को चुनकर प्रत्येक से दो-दो शब्द बनाइए : 1×5=5

(क) अति (ख) उप (ग) परा (घ) सु (ङ) अध

(च) खुश (छ) भर (ज) आ (झ) अव (ञ) अनु

★★★